ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 04 विक्रम संवत् 2081 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी




प्रकाशक
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान
(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)
कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 04 विक्रम संवत् 2081 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता
देवर्षि कलानाथ शास्त्री
प्रो. बनवारीलाल गौड़
प्रो. दयानन्द भार्गव
प्रो. कैलाश चतुर्वेदी
डॉ. शीला डागा
प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक
श्री सोहन लाल गर्ग
श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक
डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक
डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा
श्री कपिल अग्रवाल
तिबोर कोकेनी
श्रीमती अन्या वुकादिन

- प्रमुख संरक्षक -
परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी
परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -
भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -
परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -
विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस
श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -
महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **Narayan D.O.O. - narayanfoods.com**

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | पंचतत्त्व की विवेचना : जलतत्त्व | देवर्षि कलानाथ शास्त्री | 10 |
| 4. | श्रीरामनवमी | सुनील कुमार शर्मा | 14 |
| 5. | श्री राम नवमी व्रत की महिमा | पं. आलोक शर्मा | 18 |
| 6. | नवसंवत्सर का प्रारम्भ | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 21 |
| 7. | राजस्थान का अनूठा महोत्सव - 'गणगौर' | डॉ. मनीषा शर्मा | 25 |
| 8. | डॉ. प्रभाकर शर्मा शास्त्री | जयप्रकाश शर्मा | 29 |
| 9. | राष्ट्रोपनिषत् | स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**

**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2024 का चतुर्थ अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। यह अंक विक्रम नवसंवत्सर 2081 विशेषांक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। जिसमें नवसंवत्सर, नवरात्रा, रामनवमी एवं राजस्थान के सांस्कृतिक संस्कृति को प्रकाशित किया गया है। जो अध्येताओं के लिये निश्चित रूप से रूचिकर रहेगा। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् देवर्षि कलानाथ शास्त्री द्वारा लिखित **'पंचतत्त्व की विवेचना : जलतत्त्व'** नामक शोधलेख में पंचतत्वों में जल की महत्ता को बताया गया है। तत्पश्चात् सुनील कुमार शर्मा द्वारा संकलित **'श्री रामनवमी'** लेख में भगवान् राम के जन्म महोत्सव पर आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पक्ष को उजागर किया गया है। इसी क्रम में पं. आलोक शर्मा द्वारा लिखित **'श्रीरामनवमी व्रत की महिमा'** लेख में रामनवमी व्रत के विधान का वर्णन किया गया है। तत्पश्चात् डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा संकलित **'नवसंवत्सर का प्रारम्भ'** लेख में नववर्ष के मांगलिक कार्यो का वर्णन किया गया है। साथ ही डॉ. मनीषा शर्मा द्वारा संकलित **'राजस्थान का अनूठा महोत्सव - गणगौर'** नामक लेख में राजस्थान में गणगौर का स्वरूप व महत्त्व बताया गया है। तत्पश्चात् जयप्रकाश शर्मा द्वारा लिखित **'डॉ. प्रभाकर शर्मा शास्त्री'** लेख में प्रभाकर शास्त्री के जीवनवृत का उल्लेख किया है। अन्त में स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के **'राष्ट्रोपनिषत्'** के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

तदभावात् संयोगाभावोहानंतद्दृशेः कैवल्यम् ॥ २५ ॥

**25. tad-abhāvātsaṁyoga-abhāvohānaṁ tad-dṛśeḥkaivalyam**

*tad – this*
*abhāva – non-existence, annihilation*
*saṁyoga – coming together*
*hāna – to overcome, to leave behind*
*dṛśeḥ – for the observer, sighted one*
*kaivalya – absolute oneness*

**Once the ignorance is removed, the connection dissolves and the "seer" is liberated.**

There are two kinds of seeing: external and internal. In order to "see" the *ātma*, we must look within, because everything we perceive outside is *māyā*. However, the divine part within us *(ātma*) is hidden deep within us and must be explored with much patience in the introspection of meditation. However, once we have experienced our true Self, we instantly experience the fulfilment of all our desires and will never seek it externally again.

The *ātma* is always one, always pure and always conscious. However, veiled and obscured by the layers of *koshas, samskāras*and *gunas,* they identify with matter and think themselves inseparable from it. If this error is overcome by knowledge, they regain the true state of their being: *kaivalya* – oneness with the self.

It denotes pure consciousness, detached from all objects and attributes. No singular thing can be said to be "only" that thing. Everything consists of several components and possesses certain properties and characteristics: spatial extent, colour, weight, etc. Nor can any human being say of themselves, "I am *only* I." Everyone is afflicted with characteristics, thoughts, memories, feelings, etc., and therefore is not "only" pure consciousness.

Often, we do not even know what all exists in our consciousness and think we are already accomplished. But as long as the smallest "seed" of desires is still hidden in us, *kaivalya* is not realised. This does not mean that we should kill all our feelings. We can and should live in the world and experience it – but with mindfulness and wisdom.

The first step of spiritual development is to become aware of one's purpose and to realise what "life" means. A flame is always a flame, regardless of whether it is large or small. Light is always light, whether it is with the power of the sun or a candle. So also "life" is always life. Spiritual knowledge means to recognise the divine light and the divine love in oneself and in all living beings.

This knowledge, which is essential for attaining self-knowledge and self-realisation, is what Patanjali tries to impart to his disciples. The divine self remains hidden from our eyes – and yet lives within us all. By allowing ourselves to be deceived by the *māyā,* we have forgotten our own Self. The point of yoga practice is to recognise and connect with our true self.

When consciousness changes, the whole of "reality" changes. As long as we identify with the world, we suffer. That is why Patanjali says: do not identify with the external objects. We are connected to the body, but we are not the body. From this insight we learn to distinguish the unchanging reality (*purusha*) from the impermanent unreality (*prakriti).*

विवेकख्यातिरविप्लवाहानोपायः ॥ २६ ॥

**26. viveka-khyātiraviplavāhāna-upāyaḥ**

*viveka – discernment*

*khyāti – knowledge, experience*
*aviplavā – constantly, unceasingly*
*hāna – to destroy, to kill*
*upāya – means, way*

**Constant exercise in correct discernment is the means of overcoming ignorance.**

*Viveka* is possessed by one who can discriminate between the real and the unreal. This discernment can only be attained through spiritual knowledge and wisdom (*para vidyā*). Whoever possesses this supreme knowledge, the world "disappears" for them, as has been explained in the previous *sūtras,* or – in other words – the worldly desires become meaningless and irrelevant.

Everything that we can see with our eyes belongs to nature (*prakriti*). Nature is constantly changing, and as the seasons close, so does the circle of human life. Corresponding to the four seasons in nature, four stages are distinguished in human life:

– BRAHMACHĀRYAĀSHRAM: youth and school years, time of preparation; outwardly largely invisible, development proceeds inwardly (“winter”).

– GRIHASTAĀSHRAM: household and family life, a time of blossoming and unfolding (“spring”).

– VĀNPRASTHAĀSHRAM: climax of life in which growth is completed and fruits ripen (“summer”).

– SANNYĀSA ĀSHRAM: completion, harvest and renunciation (“autumn”); a symbol of *sannyāsa*(renunciation of all worldly things) is the colour orange – the colour of falling leaves in autumn; withdrawal from the world and transition to another plane of being, to "winter", to death and new beginnings.

Just like nature, the body, thoughts and feelings change. How do we best deal with this constant change? How does the attitude of a sage who has discernment (*viveka*) differ from that of an ignorant person?

Suppose you eat an orange for the first time in your life. It tastes delicious, so you eat two more. But your craving for oranges is still not satisfied, so you buy a whole kilo and

greedily devour it in one sitting. Afterwards, however, oranges are, metaphorically speaking, "up to your neck", and you would prefer not to see any more. You still have an appetite, however, and now look for something else to satisfy your gusto. You taste a pear and find it quite delicious. You enthusiastically eat kilos of pears – until the moment when you have also overeaten them and can no longer even hear the word "pear" without feeling sick. Again, you look for a new taste and this time you try peaches ... So, the "game" starts all over again.

It's always the same: you're looking for something to enjoy. In the beginning you eagerly reach out for it – but in the end you turn away from it with reluctance. It is a sign of ignorance if we do not recognise or do not want to accept the connection between desire and disappointment and continue to strive for impermanent enjoyment. By running after the *māyā*(worldly illusion), we get deeper and deeper into its web.

The wise man, on the other hand, quickly sees through this law and draws the correct conclusion from it. At the beginning he is like the others: he eats an orange, finds pleasure in it and eats more and more of it until he feels weariness. But unlike the ignorant man, he now begins to think and analyse the process. He realises that every worldly pleasure is intensely and pleasantly felt at the beginning, but this feeling gradually weakens, and finally even turns into the opposite.

Through reflection and insight (*viveka*and *gyāna*) the sage finally frees themselves from this cycle of disappointments. From the insight gained through *viveka,*they draw the conclusion and henceforth no longer allows themselves to be governed by their desires, the impermanence of which they now know.

In order to seek the unchanging, imperishable and permanent, they turn to the spiritual path. Although they continue to live in the world like everyone else, they no longer allow themselves to be captured by it. Their reflection and conclusion on the impermanence of objects and feelings create in them an inner distance from worldly things and the fluctuating feelings of pleasure and displeasure (*rāga*and *dvesha*) associated with them. Unlike the "ignorant man", whose mind is constantly reeling between these two opposing sensations, the sage lives in contentment and inner peace. By withdrawing from the short-lived

pleasures of this world, they at the same time keeps their problems away from themselves.

तस्यसप्तधाप्रान्तभूमिःप्रज्ञा ॥ २७ ॥

**27. tasyasaptadhāprāntabhūmi-prajñā.**

*tasya – whose*
*saptadhātu – sevenfold, consisting of seven parts.*
*prānta-bhūmi – limit, end point, goal*
*prajñā – discrimination, knowledge, wisdom*

**Wisdom consists of sevenfold knowledge.**

When the aspirant is established in renouncing worldly pleasures (*vairāgya*), so that worldly desires no longer arise from their subconscious mind, the veils of ignorance are lifted from their consciousness, and the inner knowledge is revealed to them.

The yogi has to master these seven realisations and experiences:

1. "All that is to be done, I have done."
   All duties are accomplished and the *vrittis* are *at* rest.

2. "I have mastered all that is to be overcome."
   No *karma* is left; even the seeds of *karma* are burnt.

3. "I have come to know everything worth knowing."
   All desires are fulfilled; all stages of *samādhi* are mastered; supreme knowledge is attained.

4. "All that is to be attained I have attained."
   The quest is over; the goal has been reached.

5. "My consciousness rests in *Brahman*. "
   Nothing more can disturb and distract the mind; it remains untouched by any allurement of worldly and astral forces.

6. "I am *sat-chid-ānanda"*
   Consciousness (*chitta*) detaches from the *gunas*and becomes one with its true

nature: *sat-chid-ānanda*– pure truth, pure consciousness and pure bliss.

7. As the highest stage, the yogi attains *ātma*-sthiti, the firm and permanent anchorage in the Self. Now they are completely freed from the bondage of *karmas* and *gunas*and eternally united in *paramānanda*(supreme bliss) with the divine Self.

One who has realised these seven stages is called *jīvanmūkta* – liberated while alive.

Achieving this goal requires a lifetime of effort, discipline and work on oneself and certainly cannot be achieved in a "crash course" of a few weeks.

योगाङ्गानुष्ठानादशुद्धिक्षये ज्ञानदीप्तिराविवेकख्यातेः ॥ २८ ॥

**28. yoga-aṅga-anuṣṭhānādaśuddhi-kṣayejñāna-dīptirāviveka-khyāteḥ**

*yoga-aṅga – "yoga limbs"*
*anuṣṭhāna -intensive spiritual practice*
*aśuddhi – impurity*
*kṣaye – purify*
*jñāna-dīptir – light and clarity of knowledge*
*viveka – discrimination*
*khyāti – uninterrupted, continuous*

**By removing the impurities of the mind through yoga practice, the light of knowledge and discrimination shines.**

When the intellect is free from impurity, the mind becomes calm and the consciousness clear like the motionless, crystal waters of a mountain lake. Then we can look into the depths of our soul and gain insight into reality.

After first discussing the goal and then the obstacles that arise on the spiritual path, Patanjali now explains the path itself. In the next *sūtra,* Patanjali enumerates the "eight limbs" or eight stages of the *Rāja-yoga path* that the aspirant must master.

# पंचतत्त्व की विवेचना : जलतत्त्व

**देवर्षि कलानाथ शास्त्री**

**(राष्ट्रपति सम्मानित), प्रधान सम्पादक** ''भारती''संस्कृत मासिक
**पीठाचार्य, भाषामीमांसा एवं शास्त्रशोध पीठ** - विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर
**पूर्व अध्यक्ष** - राजस्थान संस्कृत अकादमी
**आधुनिक संस्कृत पीठ** - जगद्‌गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
**पूर्व निदेशक** - संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार
**सदस्य** - संस्कृत आयोग, भारत सरकार

भारतीय संस्कृति की यह मान्यता सुविदित है कि मानव शरीर पांच तत्त्वों का बना हुआ है। पांच तत्त्व का पींजरा तामे पंछी पौन यह उक्ति प्रसिद्ध है। ये पांच तत्त्व हैं पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश । इन्हें पंचभूत भी कहते हैं। क्योंकि ये वे तत्त्व हैं जिनसे सारी सृष्टि बनी है। आधुनिक विज्ञान भी यह मानता है कि मानव शरीर में सर्वाधिक मात्रा यदि किसी तत्त्व की है तो वह है जल । हमारे शरीर में मांस, मेद, अस्थिरक्त, मज्जा आदि जो अनेक पदार्थ हैं उनमें जल का अंश कुल मिलाकर ७० प्रतिशत के लगभग बैठता है।

आयुर्वेद के अनुसार भी रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र ये सात धातुएं हैं जो शरीर को धारण करती हैं। इनमें अस्थि के अलावा शेष सब में जलीयांश बहुत है। पांच तत्त्व के पिंजरे में ही प्राण और आत्मा सुरक्षित रहते हैं। दूसरी ओर प्राण के कारण ही ये पांचों तत्त्व शरीर में संगठित रहते हैं । प्राण निकलते ही वे विघटित होने लगते हैं और शरीर के पाचों तत्त्व पंच तत्त्व में मिल जाते हैं इसी को कहते हैं पंचत्व को प्राप्त होना।

हमारे वाङ्मय में वेदकाल से लेकर आज तक जल का यह महत्व शास्त्रों और काव्यों, दोनों में प्रतिफलित मिलता है। शास्त्रों में प्रसिद्ध है। कि अव्याकृत ब्रह्म ने जब सृष्टि की रचना करनी चाही तो सबसे पहले उसने जल को उत्पन्न किया।

मनु महाराज कहते हैं कि ब्रह्मा ने जल में सृष्टि का बीजवपन किया अत एव ससर्जादौ तासु बीज मवासृजत्। जल को विधाता की प्रथम सृष्टि माना जाता है। महाकवि कालिदास भी अभिज्ञान शाकुंतल के मंगलाचरण में सबसे पहले

जल का ही स्मरण करते हैं। या सृष्टिः स्रष्टुराद्या। कालिदास के अनुसार अष्ट मूर्ति शिव की पहली मूर्ति जल स्वरूप है जो सृष्टि का भी प्रथम तत्त्व है। संस्कृत में वेदकाल में जल शब्द का प्रयोग कहीं नहीं मिलता है। वेद जल को आपः कहकर पुकारते हैं और हमेशा बहुवचन में ही उल्लेख करते हैं। वेदों में जो सृष्टि विज्ञान वर्णित है वह बतलाता है कि ब्रह्म चार पादों में से अव्यय ब्रह्म अचिंत्य और सूक्ष्म है। अक्षर ब्रह्म तत्त्व रूप है। उसका मूर्त स्वरूप क्षरब्रह्म कहा जाता है जिसकी पांच कलाएं ब्राह्मण ग्रंथों में बताई गई है। वे हैं प्राण, आपः वाक्, अन्न और अन्नाद।

प्राण वह तत्त्व है जो समस्त सृष्टि का आधार है और उसे गति देता है। आपः जलीय तत्त्व है और वाक् पदार्थ और दृश्य प्रपंच का वाचक है। हमारे प्राचीन वाङ्मय में जल को अग्नि की माता कहा गया है। इस दृष्टि से जल और अग्नि एक ही तत्त्व के दो स्वरूप है। इनमें भृगु कोमल तत्त्व है और अंगिरा अग्नि तत्त्व है। इसे पंडित लोग इस प्रकार भी बतलाते हैं कि आधुनिक विज्ञान में हाईड्रोजन के दो अंश और ऑक्सीजन का एक अंश जल में बताया जाता है वही भृगु और अंगिरा है। जयपुर के प्रसिद्ध वैदिक समीक्षक पं. मधुसूदन ओझा ने जो वेद विज्ञान विस्तार से बताया है उसमें आप तत्त्व का बड़ा विशद् वर्णन है। उन्होंने स्वयंभू लोक और परमेष्ठि लोक का जो विवेचन किया है उसमें परमेष्ठि लोक को आपोमय तत्त्व से बना बताया है।

सांख्य आदि भारतीय दर्शनों में सृष्टि की प्रक्रिया बतलाते हुए सत्त्व, रज और तम ये तीन गुण, प्रकृति मल और अहंकार का उद्भव, फिर पंचतत्त्वों तथा पंचभूतों का उद्भव बतलाते हुए स्पष्ट किया गया है कि किस प्रकार पंचतन्मात्रों से पंचभूतों के उद्भव की प्रक्रिया सृष्टि का कारण बनती है। पहले आकाश, फिर वायु, फिर अग्नि फिर जल और फिर पृथ्वी का उद्भव होता है। यह संचर क्रम है हम सामन्यतः प्रतिसंचर यानि उल्टे क्रम से पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का नाम लेते हैं जो हमारी ओर से मूलस्रोत की ओर देखने की प्रक्रिया के कारण होता है। इसका अर्थ यह हुआ कि आकाश वायु और अग्नि के बाद जल का उद्भव हुआ। फिर इसे प्रथम सृष्टि क्यों मानी जाती है। इसका एक उत्तर तो यह है कि आकाश के साथ ही अप तत्त्व मूल रूप में पैदा हो जाता है किन्तु उसके भूतात्मक स्थूल रूप का उद्गम अग्नि से होने के कारण कहा जाता है अग्नेरापः अद्भ्यः पृथिवी वैदिक वाङ्मय में भूपिंड की रचना का क्रम अद्भुत ढंग से बताया गया है।

शतपथ ब्राह्मण स्थापना यह है कि जल से फेन, मृदा, सिकता, शर्करा, अश्मा, अयः और हिरण्य बनते हुए पृथ्वी का उद्गम होता है। इन आठ तत्त्वों से ही पृथ्वी बनी है। ये तत्त्व इसी क्रम से उद्भूत होते हैं। इन्हें ही आठ वसु भी कहा जा सकता है। जल की महिमा सृष्टि में जिस प्रकार उल्लेखनीय है उसी प्रकार मानव जीवन के लिए उसका महत्त्व भी

आदिकाल से स्वीकार किया गया है। संस्कृत में जल के जो नाम मिलते हैं उसमें उसे जीवन भी कहा गया है, भुवन भी और वन भी। जीवनं भुवनं वनम् । अमर कोष का यह कथन सिद्ध करता है कि जीवन में, ब्रह्माण्ड में और हमारे परिवेश में जल मूल तत्त्व के रूप में व्याप्त है।

इस प्रकार वैदिक वाङ्ग्मय में, उपनिषदों में और भारतीय दर्शन की शाखाओं में जल को सृष्टि के एक महत्त्वपूर्ण पदार्थ के रूप में सर्वत्र वर्णित और परिभाषित किया गया है। वैदिक वाङ्मय में सृष्टि विज्ञान का विवेचन करते हुए जल को सृष्टि के उद्गम अर्थात् विसृष्टि की प्रक्रिया के एक महत्वपूर्ण उपादान के रूप में बताया गया है। जबकि सृष्टि के बाद पंचभूतों में से एक भूत के रूप में उसका जो स्थान है उसका विवेचन सांख्य, न्याय, वैशेषिक आदि सभी दर्शनों में विस्तार से हुआ हैं जहां गोपथ ब्राह्मण ने उसका विसृष्टि के उपादान के रूप में वर्णन करते हुए उसे भृगु और अंगिरा के संघात के रूप में आदिम तत्त्व की तरह विवेचित किया है वहां दर्शनों ने उसे केवल द्रव्य या पदार्थ माना है।

गोपथ ने "आपो भृग्वं गिरो रूपमापो भृग्वंगिरोमयम्" लिखकर यह बताया है कि जल तत्त्व दो सूक्ष्म तत्त्वों का संघात है जिन्हें भृगु और अंगिरा कहा गया हैं। ये ऋषियों के नाम तो है ही, सूक्ष्म तत्त्वों के नाम भी हैं। एक दृष्टि से इन्हें अग्नि और सोम का रूप भी माना जा सकता है। भृगु सोम का प्रतीक है और अंगिरा अग्नि का। आधुनिक विज्ञान को प्राचीन वाङ्मय से समन्वित करने वाले कुछ मनीषियों ने इन्हीं दो तत्त्वों को हाइड्रोजन और आक्सीजन भी बतलाया है जैसा कि पहले बताया जा चुका है।

सांख्य आदि दर्शनों ने सृष्टि के उद्‌गम की प्रक्रिया यह बतलाई है कि अव्याकृत ब्रह्म से प्रकृति उद्‌भूत हुई फिर महत्तत्व, फिर अहंकार, फिर पंचतन्मात्र और फिर पंचभूत और इन्द्रिय पंचभूतों में जो जल है वह द्रव्य है। जबकि आदिसृष्टि के रूप में जिस जल का उल्लेख किया गया है वह सूक्ष्म तत्त्व है जिसमें सुनहरी अण्डा या कोस्मिक ऐग पैदा होता है। उस अण्डे को हिरण्य-गर्भ भी कहा गया है। चूंकि सारी सृष्टि उस अण्डे से पैदा हुई है अतः उसी पंचभूतों की उत्पत्ति भी समाविष्ट है। इससे पूर्व जो प्रथम अप तत्त्व था जिसमें ब्रह्मा ने बीज बोया वह सूक्ष्म तत्त्व के रूप में पहली सृष्टि कहा ही जा सकता है। यही रहस्य है जल को आद्य सृष्टि कहने का तथा समस्त जगत के जलमय होने का। यही बात दूसरी तरह भी बनाई जा चुकी है कि यह अप् तत्त्व तब भी था जब केवल आकाश था। चारों वेदों को क्रमशः अग्नि, वायु आदित्य और अप तत्त्व का प्रतीक मानने वाले विद्वान् ऋग्वेद को अग्नि का, यजुर्वेद को वायु का, सामवेद को आदित्य का और अथर्ववेद को अप् का रूप मानते हैं।

वैशेषिक दर्शन बड़ा पुराना दर्शन है जिसका दृष्टिकोण द्रव्यवादी है। यह जगत् में सात पदार्थ मानता है। द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष समवाय और अभाव। द्रव्यों का विवेचन करते हुए वह नौ द्रव्यों गिनाता है पृथवी, जल, तेज, वायु, आकाश, काल, दिशा, आत्मा और मन। यहां जल का विवेचन करते हुए वह स्पष्ट करता है कि जल दो तरह के होते हैं नित्य और अनित्य। हम जिसे जल के रूप में इस्तेमाल करते हैं वह स्थूल द्रव्य अनित्य जल है जबकि नित्य जल अर्थात् अप् सूक्ष्म तत्त्व के रूप में विश्व में व्याप्त है। इस प्रकार इन्द्रियगम्य भूतों को जिन्हें पंचभूत कहा जाता है गिनाते हुए हमारे समस्त दर्शन जल को पंचभूत समुदाय के एक सदस्य के रूप में स्थान देते हैं। जल से ही पृथ्वी पैदा हुई है यह प्राचीन मान्यता इन दर्शनों को भी मान्य है।

संस्कृत साहित्य में तो जल का वर्णन भांति-भांति से किया गया है। वृष्टि का जल, नदी सरोवरों का जल, समुद्र का जल- सभी के रूप में जल ने कवियों की कावयित्री प्रतिभा को आकर्षित किया है। जलक्रीड़ा, श्रृंगार रस का प्रमुख अनुभाव रहा है। गंधर्व तो जलक्रीड़ा के विशेष शौकीन हुआ करते थे। जल को लेकर संकल्प करना या शपथ लेना बहुत प्राचीनकाल से सत्य क्रिया का प्रतीक रहा है। जल छोड़े बिना कोई दान सफल नहीं होता। शुद्धि के लिए जल अत्यन्त महत्वूपर्ण साधन है। वैसे अग्नि और वायु तक से शुद्धि का विधान है पर सर्वप्रमुख है जल। इसके सैंकड़ों पर्याय संस्कृत में मिलते हैं अंभः, सलिल, तोय, उदक वारि, नीर, पय आदि सुललित शब्द जल के विभिन्न रूपों का चित्रण करते हैं। जल की महिमा अनन्त है। वेदकाल से लेकर आधुनिककाल तक उसी की महिमा का यह विवेचन तो उस समुद्र की एक तरंग मात्र है।

# श्रीरामनवमी [ चैत्र शुक्ल नवमी ]

**सुनील कुमार शर्मा (दर्शनाचार्य)**
इतिहासकार एवं पांडुलिपि विशेषज्ञ

श्रीरामनवमी सारे जगत् के लिये सौभाग्य का दिन है; क्योंकि अखिल विश्वपति सच्चिदानन्दघन श्रीभगवान् इसी दिन दुर्दान्त रावण के अत्याचार से पीडित पृथ्वी को सुखी करने और सनातन धर्म की मर्यादा की स्थापना करने के लिये मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के रूप में प्रकट हुए थे। श्रीराम केवल हिन्दुओं के ही 'राम' नहीं हैं, वे अखिल विश्व के प्राणाराम हैं। भगवान् श्रीराम और भगवान् श्रीकृष्ण को केवल हिन्दूजाति की सम्पत्ति मानना उनके गुणों को घटाना है, असीम को सीमाबद्ध करना है। विश्व-चराचर में आत्मरूप से नित्य रमण करने वाले और स्वयं ही विश्व-चराचर के रूप में प्रतिभासित सर्वव्यापी सर्वान्तर्यामीस्वरूप नारायण किसी - एक देश या व्यक्ति की ही वस्तु कैसे हो सकते हैं?

वे सबके हैं, सबमें हैं, सबके साथ सदा संयुक्त हैं और सर्वमय हैं। जो कोई भी जीव उनकी आदर्श मर्यादा- लीला- उनके पुण्यचरित्र का श्रद्धापूर्वक गान, श्रवण और अनुकरण करता है, वह पवित्रहृदय होकर परम सुख को प्राप्त कर सकता है। श्रीराम के समान आदर्श पुरुष, आदर्श धर्मात्मा, आदर्श नरपति, आदर्श मित्र, आदर्श भाई, आदर्श पुत्र, आदर्श गुरु, आदर्श शिष्य, आदर्श पति, आदर्श स्वामी, आदर्श सेवक, आदर्श वीर, आदर्श दयालु, आदर्श शरणागत- वत्सल, आदर्श तपस्वी, आदर्श सत्यवादी, आदर्श दृढ़प्रतिज्ञ तथा आदर्श संयमी और' कौन हुआ? जगत् के इतिहास में श्रीराम की तुलना में एक श्रीराम ही हैं। साक्षात् परमपुरुष परमात्मा होने पर भी श्रीराम ने जीवों को सत्पथपर आरूढ़ कराने के लिये ऐसी आदर्श लीलाएँ कीं, जिनका अनुकरण सभी लोग सुखपूर्वक कर सकते हैं। उन्हीं हमारे श्रीराम का बर पुण्य जन्मदिवस चैत्र शुक्ल नवमी है। इस सुअवसर पर सभी लोगों को, खासकर उनको, जो श्रीराम को साक्षात् भगवान् और अपने आदर्श पूर्वपुरुष के रूप में अवतरित मानते हैं, श्रीराम-जन्म का पुण्योत्सव मनाना चाहिये। इस उत्सव का प्रधान उद्देश्य होना चाहिये श्रीराम को प्रसन्न करना और श्रीराम के आदर्श गुणों का अपने में विकास कर श्रीराम- कृपा प्राप्त करने का अधिकारी बनना। अतएव विशेष ध्यान श्रीराम के आदर्श चरित्र के अनुकरण पर ही रखना चाहिये। श्रीराम जन्मोत्सव की विधि इस प्रकार की जा सकती है-

१- चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल नवमी तक नौ दिन उत्सव मनाया जाये।

२- प्रत्येक मनुष्य (स्त्री, पुरुष, बालक) प्रतिदिन अपनी रुचि के अनुसार श्रीराम के दो अक्षर, पञ्चाक्षर या चार अक्षर मन्त्र का नियमपूर्वक जप करे। पहले दिन नियम कर ले, उसी के अनुसार नौ दिन तक करते रहना चाहिये। कम से कम १०८ मन्त्र का जप रोज होना चाहिये। उत्साह और समय मिले तो नौ दिनों में नौ लाख नाम जप कर सकते हैं।

३- रोज सुबह या शाम को कुछ समय तक नियमित- रूप से श्रीराम-नाम का कीर्तन हो।

४- श्रीरामायण का नौ दिनों में पूरा पाठ किया जाय। वाल्मीकि, अध्यात्म या श्रीगोसाईं जी कृत श्रीरामचरितमानस - इनमें से अपनी रुचि के अनुसार किसी भी रामायण का पाठ कर सकते हैं। जो ऐसा न कर सकें वे कुछ समय तक रोज रामायण पढ़ें या सुनें।

५- माता-पिता के चरणों में रोज प्रातः प्रणाम करें।

६- यथासाध्य खूब सावधानी से सत्यभाषण करें (सच बोलें)।

७- घर में माता, पिता, भाई, भौजाई, स्वामी, स्त्री, नौकर, मालिक सभी आपस में प्रेम रखें, अपने अच्छे बर्ताव से सबको प्रसन्न रखें, किसी से झगड़ा न करें।

८- ब्रह्मचर्य का पालन करें।

९- श्रीरामनवमी का व्रत करें।

१०- रामनवमी के दिन श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाय, सभाएँ की जाएँ, जिनमें रामायण का प्रवचन और रामायण-सम्बन्धी शिक्षाप्रद व्याख्यान हों। कहने और सुनने वाले अपने अंदर श्रीराम के-से गुण आयें-इसके लिये दृढ़ निश्चय करें और श्रीराम से प्रार्थना करें।

११- आपस के मेल में बाधा न आती हो तो श्रीराम की सवारी का जुलूस नगर-कीर्तन के साथ निकाला जाये।

इन ग्यारह बातों में से जिनसे जितनी बातों का पालन हो सके, उतना करने की चेष्टा करें। श्रीराम-नाम का जप,कीर्तन, माता-पिता आदि गुरुजनों के चरणों में प्रणाम, सबसे प्रेम, ब्रह्मचर्य का अधिक-से-अधिक पालन, सत्य-भाषण आदि बातें तो जीवनभर पालन करने योग्य हैं। इनका अभ्यास अधिक-से-अधिक बढ़ाना चाहिये। श्रीराम की भक्ति के लिये इन्हीं व्रतों की आवश्यकता है।

**श्रीरामनवमी व्रत एवं पूजन-विधि**

चैत्र शुक्ल नवमी को 'श्रीरामनवमी' का व्रत होता है। यह व्रत मध्याह्नव्यापिनी दशमीविद्धा नवमी को करना चाहिये। अगस्त्यसंहिता में कहा गया है कि यदि चैत्र शुक्ल नवमी पुनर्वसु नक्षत्र से युक्त हो और वही मध्याह्नके समय

रहे तो महान् पुण्यदायिनी होती है। अष्टमीविद्धा नवमी विष्णुभक्तों को छोड़ देनी चाहिये। वे नवमी में व्रत तथा दशमी में पारणा करें। चैत्रमास के शुक्लपक्ष की नवमी के दिन स्वयं श्रीहरि का रामावतार हुआ। पुनर्वसु नक्षत्र से संयुक्त नवमी तिथि सब कामनाओं को पूर्ण करने वाली है। जो रामनवमी का व्रत करता है, उसके अनेक जन्मार्जित पापों की राशि भस्मीभूत हो जाती है और उसे भगवान् विष्णु का परमपद प्राप्त होता है। श्रीरामनवमीव्रत से भुक्ति एवं मुक्ति दोनों की ही सिद्धि होती है। इस उत्तम व्रत को करके वह सर्वत्र पूज्य होता है।

श्रीरामनवमी के दिन प्रातःकाल नित्यकर्म से निवृत्त होकर अपने घर के उत्तर भाग में एक सुन्दर मण्डप बना ले। मण्डप के पूर्वद्वार पर शङ्ख, चक्र तथा श्रीहनुमान् जी की स्थापना करें; दक्षिणद्वार पर बाण, शार्ङ्गधनुष तथा श्रीगरुडजी की, पश्चिमद्वार पर गदा, खड्ग और श्रीअङ्गदजी की एवं उत्तरद्वारपर पद्म, स्वस्तिक और श्रीनीलजी की स्थापना करे। बीच में चार हाथ के विस्तार की वेदिका होनी चाहिये, जिसमें सुन्दर वितान एवं सुन्दर तोरण लगे हों। इस प्रकार तैयार किये गये मण्डप के मध्यमें परिकरों सहित भगवान् श्रीसीताराम को प्रतिष्ठित कर विविध उपचारों से यथाविधि पूजन करे।

तदनन्तर निम्न मन्त्र से भगवान् की आरती करनी चाहिये-

**मङ्गलार्थं महीपाल नीराजनमिदं हरे।**
**संगृहाण जगन्नाथ रामचन्द्र नमोऽस्तु ते ॥**
**ॐ परिकरसहिताय श्रीसीतारामचन्द्राय कर्पूरारार्तिक्यं समर्पयामि।**

हे पृथिवीपालक भगवान् श्रीरामचन्द्र ! आपके सर्वविध पर मङ्गल के लिये यह आरती है। हे जगन्नाथ! इसे आप स्वीकार करें। आपको प्रणाम है।

उपर्युक्त श्लोक पढ़कर किसी शुद्ध पात्र में कपूर तथा (एक या पाँच अथवा ग्यारह) घी की बत्ती जलाकर परिकर सहित भगवान् श्रीसीताराम जी की आरती उतारनी चाहिये और समवेतस्वर में निम्नलिखित आरती का गायन करना चाहिये-

**आरती कीजै श्रीरघुबर की, सत चितआनंद शिव सुंदर की ॥**
**दशरथ-तनय कौसिला-नन्दन,सुर-मुनि रक्षकदैत्य-निकन्दन,**
**अनुगत-भक्त भक्त-उर-चन्दन, मर्यादा पुरुषोत्तम वरकी ॥**
**निर्गुन सगुन,अरूप-रूपनिधि,सकल लोक वन्दित विभिन्न विधि,**
**हरण शोक-भय, दायक सब सिधि, मायारहित दिव्य नर-वरकी ॥**

**जानकिपति सुराधिपति जगपति, अखिल लोक पालक त्रिलोक-गति,**
**विश्ववन्द्य अनवद्य अमित-मति, एकमात्र गति सचराचर की ॥**
**शरणागत-वत्सलव्रतधारी, भक्त-कल्पतरु-वर असुरारी,**
**नाम लेत जग पावनकारी, वानर-सखा दीन-दुख-हरकी ॥**

**पुष्पाञ्जलि, प्रदक्षिणा एवं प्रणाम - --**

अञ्जलि में पुष्प लेकर निम्न श्लोक पढ़ना चाहिये-

**नमो देवाधिदेवाय रघुनाथाय शार्ङ्गिणे।**
**चिन्मयानन्तरूपाय सीतायाः पतये नमः ॥**

**ॐ परिकरसहिताय श्रीसीतारामचन्द्राय पुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।**

'देवोंके देव, शार्ङ्गधनुर्धर, चिन्मय, अनन्त रूप धारण करने वाले, सीतापति भगवान् श्रीरघुनाथजी को बारम्बार प्रणाम है।'

पुष्पार्पण करके निम्नलिखित श्लोक पढ़ते हुए प्रदक्षिणा करनी चाहिये-

**यानि कानि च पापानि ब्रह्महत्यादिकानि च।**
**तानि तानि प्रणश्यन्ति प्रदक्षिण पदे पदे ॥**

'ब्रह्महत्या आदि जितने भी पाप हैं, वे सभी प्रदक्षिणा के पद-पद पर निःशेष हो जाते हैं।' प्रदक्षिणा करके भगवान् श्रीसीताराम को प्रणाम करना चाहिये एवं उनकी प्रसन्नता-प्राप्ति के लिये कातर-याचना करनी चाहिये।

मन्दिरों में भी भगवान् को पञ्चामृतस्नान, यथाविधि पूजन तथा पंजीरी और फल का भोग लगाकर मध्याह्नकाल में (बारह बजे) विशेष आरती एवं पुष्पाञ्जलि आदि करने की परम्परा है। आरती के अनन्तर भक्तों को पञ्चामृत, पंजीरी का प्रसाद दिया जाता है। मुमुक्षुजनों को चाहिये कि आत्मकल्याण के लिये सदा श्रीरामनवमी व्रत करें। श्रीरामनवमी व्रत करने वाला सभी पापों से मुक्त होकर सनातन ब्रह्म भगवान् श्रीसीतारामजी को प्राप्त कर लेता है। श्रीरामनवमी के दिन भगवान् श्रीरामचन्द्रजी के प्रतिमा- दान का अत्यधिक माहात्म्य श्रीअगस्त्यसंहिता में कहा गया है। प्रतिमा स्वर्ण या पाषाण अथवा काष्ठ की भी हो सकती है। स्वर्णपत्रपर भगवान् श्रीसीतारामजी का चित्र या रेखाचित्र अङ्कित करके भी उस चित्रपत्र का दान किया जा सकता है।

# श्री राम नवमी व्रत की महिमा

**पं. आलोक शर्मा**
अध्यक्ष - धर्म संस्कृति पीठ
जयपुर

भारतवर्ष संस्कृति-प्रधान देश है। अतएव, इसके सभी धार्मिक-सामाजिक कृत्यों; जैसे- व्रत-उपासना, पर्व-त्योहार आदि का कोई-न-कोई सांस्कृतिक आधार अवश्य होता है। विशेषतया व्रतों में तो सांस्कृतिक उन्नयन का एक- न-एक शुभ संदेश निश्चय ही निहित रहता है। यों तो भारतीय ज्योतिष के अनुसार चान्द्रमास के शुक्ल और कृष्णपक्ष की जो पंद्रह-पंद्रह तिथियाँ हैं, उनमें प्रत्येक तिथि व्रत की तिथि है अर्थात् प्रत्येक तिथि को व्रत रखने का नियम है। तथापि श्रीरामनवमीव्रत का विधान अन्य व्रतों से कुछ विशिष्ट है। इसका सांस्कृतिक मूल्य तो है ही, वैज्ञानिक महत्त्व भी है। साथ ही यह भगवान् श्रीराम और रामभक्त श्रीहनुमान् दोनों से सम्बद्ध व्रत के रूप में लोकप्रसिद्ध है। 'अगस्त्यसंहिता' में लिखा है कि चैत्र शुक्लपक्ष की मध्याह्न से शुरू होने वाली दशमीयुक्त नवमी व्रत के लिये शुभ है। यदि उस दिन पुनर्वसु नक्षत्र का योग हो जाय, तब तो वह अतिशय पुण्यदायिनी होती है। नवमी को व्रत-उपवास करके दशमी के दिन पारण करने की शास्त्राज्ञा है। अगस्त्यसंहिता के अनुसार चैत्र शुक्ल नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र, कर्कलग्न में जब सूर्य अन्यान्य पाँच ग्रहों की शुभ दृष्टि के साथ मेषराशि पर विराजमान थे, तभी साक्षात् भगवान् श्रीराम का माता कौसल्या के गर्भ से जन्म हुआ। इसलिये उस दिन जो कोई व्यक्ति दिनभर उपवास और रातभर जागरण का व्रत रखकर भगवान् राम की पूजा करता है तथा अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार दान-पुण्य करता है, वह अनेक जन्मों के पापों को भस्म करने में समर्थ होता है।

शास्त्रों ने बताया है कि कोई भी व्रत हो उसके लिए श्रद्धा-भक्ति और नियम-निष्ठा अवश्य होनी चाहिये। बिना इनके मन की अशुद्धता और अपवित्रता कदापि दूर नहीं हो सकती। जब भौतिकता प्रबल-प्रचण्ड होकर संस्कृति को निगलने पर उतारू हो जाय, तब श्रद्धा-भक्तिपूर्ण व्रत- उपासना ही आवश्यक होती है। रामनवमी के दिन भगवान् राम ने जन्म लिया था, अतएव उस दिन उपवास और जागरण के द्वारा उन महापुरुष के कल्याणकारी चरित्र का अनुचिन्तन

और अनुशीलन होना चाहिये।

'व्रतार्क' के अनुसार रामनवमी का दिन सांस्कृतिक पावनता के एकच्छत्र रामराज्य का दिन है। व्रत के एक दिन पूर्व अष्टमी को इन्द्रिय-संयम का पालन करते हुए उषा- बेला में उठना चाहिये। शान्तचित्त से नित्यकृत्य की समाप्ति के बाद नदी या झरने में स्नान करना अधिक उत्तम है। उस दिन किसी वेदवेदाङ्ग निष्णात रामभक्त विद्वान् ब्राह्मण का पूजा के निमित्त आचार्य के रूप में वरण करना चाहिये। उनकी पूजा करनी चाहिये। व्रती हविष्यान्न का भक्षण करे तथा आचार्य से रामकथा का श्रवण करता हुआ रात्रि में भूमि पर शयन करे। नवमी के दिन स्वस्थचित्त होकर आचार्य के निर्देशानुसार घर के उत्तर की ओर एक सुन्दर और सुसज्जित मण्डप बनवाकर, उसमें रामपूजा का उत्सव करना चाहिये। दिन में आठों पहर राम की कथा और उनका कीर्तन तथा स्तोत्र-प्रार्थना आदि के साथ गन्ध, पुष्प, अक्षत, धूप, दीप, कपूर, अगरु, कस्तूरी आदि पूजा-द्रव्यों से भगवान् राम की प्रतिमा की विधिवत् प्रतिष्ठा तथा अर्चना करनी चाहिये। साथ ही माता कौसल्या तथा आर्य श्रेष्ठ श्रीदशरथ, हनुमान् आदि की पूजा करनी चाहिये। हवन और वेदपाठ भी कराना चाहिये। इस पूजन और वेदपाठरूप सांस्कृतिक उत्सव से वातावरण की शुद्धि हो जाती है, जिससे महामारी आदि जनपदध्वंसी या देशव्यापी रोगों का प्रकोप शान्त होता है।

जबतक हम तन, मन और वचन से शुद्ध नहीं होते, तब तक न हमारा सांस्कृतिक उत्थान ही सम्भव है और न हमें कोई आध्यात्मिक लाभ ही प्राप्त हो सकता है। इसीलिये आज के दिन यह संकल्प किया जाता है-

**'सकलपापक्षयकामोऽहं श्रीरामप्रीतये श्रीरामनवमीव्रतं करिष्ये ।'**

अर्थात् 'सब पापों के क्षय की कामना से मैं श्रीराम की प्रसन्नता के लिये श्रीरामनवमी व्रत करूँगा।' श्रीराम तो भगवान् है, अतएव - उनकी प्रसन्नता के लिये हृदय की पूर्ण पवित्रता अपेक्षित है। रामनवमी के दिन स्वयं भगवान् ने नरलीला करने के लिये राम के रूप में अवतार लिया था-जबकि रावण और उसके दुर्दान्त सहायक राक्षसों का अत्याचार बढ़ा हुआ था और सज्जनों का अस्तित्व संकट में था, वे हर पल असुरक्षा के बोध से ग्रस्त थे। रामावतार का कारण बताते हुए 'व्रतराज' कहता है।

**दशाननवधार्थाय धर्मसंस्थापनाय च।**
**दानवानां विनाशाय दैत्यानां निधनाय च ॥**
**परित्राणाय साधूनां जातो रामः स्वयं हरिः ।**

अर्थात् रावण के वध, दानवों के विनाश, दैत्यों को मारने तथा धर्म की प्रतिष्ठा एवं सज्जनों के परित्राण के लिये स्वयं श्रीहरि राम के रूप में अवतीर्ण हुए।

रामनवमी के दिन हमें जन-जन में व्याप्त उनके ज्ञानगम्य रूप के दर्शन के लिये अपने हृदय को संकीर्णता से मुक्तकर ज्ञान की सीमा को विस्तृत करना होगा। तभी हमारी यह राम- प्रार्थना-'विश्वमूर्तये नमः, ज्ञानगम्याय नमः, सर्वात्मने नमः' सफल होगी। श्रीराम विश्वमूर्ति हैं, ज्ञानगम्य हैं, सर्वात्मा हैं। उन्होंने बहुतों को साथ लेकर चलने में ही अपने जीवन की सार्थकता मानी है। उनका जीवन-मन्त्र था-'भूमा वै सुखं नाल्पे सुखमस्ति' अर्थात् 'बहुतों के साथ चलने में ही सच्चा सुख है, अल्पमें नहीं।'

श्रीरामनवमी तो हमें यही सांस्कृतिक संदेश देती है- अपने को शुद्ध करो, ज्ञान की सीमा का विस्तार करो, आत्मा के साथ ही विश्वात्मा को पहचानो तथा सद्भाव, समभाव और सहभाव से अपने जीवन को सफल और सार्थक बनाओ, रामभक्ति में लीन होकर राम बन जाओ। 'श्रीरामार्पणमस्तु'। स्वयं आनन्दित रहकर दूसरों को आनन्दित करना ही राम का रामत्व है।

# नवसंवत्सर का प्रारम्भ

**डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**
समन्वयक
वैदिक हैरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान, जयपुर

नवसंवत्सर के प्रारम्भ में समस्त पुरुषार्थ-सिद्धि के लिये दुर्गापूजन का क्रम आता है। उसके पश्चात् ही रामनवमी को श्रीरामचन्द्रजी के जन्म का प्रसंग उपस्थित होता है।

भिन्न-भिन्न देशों एवं कालों के वैचित्र्य से भावों एवं कर्मों का भी वैचित्र्य होता है। किन्हीं में हठात् वैराग्य, विवेक एवं शान्ति का, किन्हीं में बलात् काम, क्रोध, मद, मात्सर्य का प्राखर्य होता है। यही स्थिति कालों की भी है। शिशिर, वसन्तादि ऋतुओं में धरणी, अनिल और जल से संयोग होने पर भी धान में अंकुरादि की उत्पत्ति नहीं होती। वर्षा-ऋतुमें वही बीज अङ्कुरित हो उठता है। आम तथा नानाविध तरुलताओं का मुकुलित एवं पुष्पित होना कालविशेष की ही अपेक्षा रखता है। किम्बहुना प्रत्येक पदार्थ की उत्पत्ति, स्थिति एवं विनाशादि में भी काल की अवश्य ही हेतुता है।

आधिदैविक भावनाओं में भी भिन्न-भिन्न तिथियों में भिन्न-भिन्न शक्तियों का प्रादुर्भाव होता है। किन्हीं कालों में आसुरी शक्तियों का और किन्हीं में दैवी शक्तियों का प्राकट्य होता है। एकादशी प्रभृति तिथियाँ वैष्णवी, शिवरात्रि शैवी, नवरात्रों में दुर्गा और रामनवमी को श्रीराम- शक्तियों का प्राकट्य होता है।

पाशविक काम, कर्म, ज्ञानों से प्राणियों की शक्तियों का क्षय होता है। पवित्र तिथियों एवं तीर्थों में तप, त्याग, उपवास, स्नानादि से अशुद्धियों का मार्जन एवं दिव्य शक्तियों का संचय होता है।

पुराणों में ऐसी आख्यायिकाएँ मिलती हैं कि किन्हीं महानुभावों को किन्हीं स्थानों पर जाने के कारण ही असम्भावित दुर्भावनाओं के वश होना पड़ा। जैसे सत्पुरुषों के सत्कर्मों एवं सद्विचारों का तात्कालिक प्रभाव पड़ता है, वैसे ही कालान्तर में भी प्रभाव पड़ता है। जहाँ सात्त्विक सत्पुरुषों के समीप, देवमन्दिर, तीर्थादि स्थलों में सत्सङ्ग,

भगवत्कथा, जप, तप, ध्यान आदि होता रहता है, वहाँ जाने पर मनमें वैसे ही भाव उत्पन्न होने लगते हैं। इसी तरह दुराचार तथा दुर्विचारशील प्रमादी पुरुषों के मन में कुत्सित भावनाएँ उत्पन्न होती हैं। अच्छे और बुरे विचारों एवं कर्मों के समाप्त हो जाने पर भी उनके संस्कार बने रहते हैं। यह बात आजकल के मनोवैज्ञानिकों ने भी स्वीकार कर ली है कि विचारों का प्रभाव पर्याप्तरूप से देश-काल तथा व्यक्तियों पर पड़ता है। इन विचारों, संकल्पों का आदान-प्रदान भी हुआ करता है। असत्पुरुषों, अशास्त्रों तथा असत्कर्मों को भुला देने से असद्विचारों का प्रवाह रुक जाता है और बार-बार स्मरण करने से यह प्रचालित हो उठता है। सद्विचारों, शास्त्रों, पुरुषों एवं कर्मों को बार-बार स्मरण करना उनका स्वागत करना है, उनको भूलना ही उनका बहिष्कार है।

'योगदर्शन' (१। ३७) में वीतराग शुकादिके ध्यान को भी चित्त-निरोध का साधन कहा गया है-

**'वीतरागविषयं वा चित्तम् ॥'**

वीतराग की आकृति से साधक के मनमें उनके अन्तर्भावों एवं रागादि दोषरहित भगवदाकारित चित्त का स्फुरण होता है। संसार में अनन्त कर्म एवं विचारों के संस्कार फैले होते हैं। बुद्धिमानों का कर्तव्य है कि सद्विचारों के आगमन का द्वार खुला तथा असद्विचारों का बंद रखें। सत्पुरुषों, शास्त्रों एवं सत्कर्मों का स्मरण या सेवन ही उनका द्वार खोलना और विपरीतों का परिवर्जन, विस्मरण ही उनके संस्कारों का द्वार बंद रखना है। सात्त्विक भावों के स्मरण या सेवन से उनके संकल्प की धारा चल पड़ती है, विपरीत से विपरीतों की। पाशविक कर्मों के दर्शन या चिन्तन से ही कामादि विकृतियों को स्थान मिल जाता है। इस तरह जिन देशों में उच्चकोटि के सत्पुरुषों का निवास, सद्विचारों एवं सत्कर्मों का विस्तार हुआ, वहाँ के परमाणु-जलवायु सब-के-सब उसी भावना से भावित हो जाते हैं।

यही स्थिति कालों की भी होती है। स्वर-साधना- वालों को तत्त्वों के भेद से काल में स्पष्ट भेद भासित होते हैं।

किसी तत्त्व के संचार से बलात् मन में चाञ्चल्य की सृष्टि होती है और किसी तत्त्व के संचार से शान्ति, एकाग्रता आदि की प्राप्ति होती है। इसलिये भजन, ध्यान आदि के लिये आकाश या जलतत्त्व तथा सुषुम्णा का संचार अनुकूल समझा जाता है। इसी कारण भिन्न-भिन्न मासों और तिथियों का माहात्म्य पुराणादि शास्त्रों में मिलता है। श्रुतार्थापत्ति प्रमाण द्वारा यह स्पष्ट होता है कि शिवरात्रि, रामनवमी आदि दिव्य तिथियों में विशेषरूप से शिव, विष्णु आदि शक्तियों का प्राकट्य होता है। भजन, ध्यान, उपवास आदि द्वारा शक्तियों का ही संग्रह किया जाता है। अन्नपानादि द्वारा जब तक पुरुष की शक्ति क्षीण रहती है, तब तक बाह्य शक्तियों का आकर्षण नहीं होता।

किसी कालविशेष में किसी शक्तिविशेष का प्राकट्य होता है। जैसे अमावास्या को पितर-प्राणों की व्याप्ति होती है, वैसे ही एकादशी, शिवरात्रि, रामनवमी आदि में भी भिन्न- भिन्न शक्तियों का संचय किया जा सकता है। व्रतों और त्योहारों का यह भी एक रहस्य है।

चैत्र शुक्लपक्ष बड़े महत्त्व का है। इसमें नौ दिनों तक आद्याशक्ति भगवती का व्रत और श्रीदुर्गासप्तशती का पाठ करने से आध्यात्मिक, आधिभौतिक दोषों पर विजय प्राप्त करने में बड़ी सहायता मिलती है। निखिल ब्रह्माण्डाधीश्वरी माँ का पूजन होते ही विश्वपति भगवान् श्रीराम की जन्मोत्सव- नवमी आ जाती है। सदा ही रामनवमी को श्रीरामचन्द्रजी का दिव्य भर्ग भूमण्डल में अवतीर्ण होकर विघ्नों एवं दानवी शक्तियों का मर्दन करके सत्पुरुषों का संरक्षण करता है। रामनवमी का व्रत और रामजन्मोत्सव, भगवान् का पूजन प्राणियों में सचमुच दिव्य शक्ति प्रदान करता है।

**संवत्सर प्रतिपदा (नवसंवत्सर)**

चैत्रमास के शुक्लपक्ष को प्रतिपदा तिथि से नवसंवत्सर का आरम्भ होता है, यह अत्यन्त पवित्र तिथि है। इसी तिथि से पितामह ब्रह्मा ने सृष्टिनिर्माण प्रारम्भ किया था-

**'चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि।**
**शुक्लपक्षे समग्रे तु तदा सूर्योदये सति ॥'**

इस तिथि को रेवती नक्षत्र में, विष्कुम्भ योग में दिन के समय भगवान् के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव भी माना जाता है-

**कृते च प्रभवे चैत्रे प्रतिपच्छुक्लपक्षगा।**
**रेवत्यां योगविष्कुम्भे दिवा द्वादशनाडिकाः ॥**
**मत्स्यरूपकुमार्यां च अवतीर्णो हरिः स्वयम् ॥**

(स्मृतिकौस्तुभ)

युगों में प्रथम सत्ययुग का प्रारम्भ भी इस तिथि को हुआ था। यह तिथि ऐतिहासिक महत्त्व की भी है, इसी दिन सम्राट् चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त की थी और उसे चिरस्थायी बनाने के लिये विक्रम संवत् का प्रारम्भ किया था।

**संवत्सर-पूजन-**

इस दिन प्रातः नित्यकर्म करके तेल का उबटन लगाकर स्नान आदि से शुद्ध एवं पवित्र होकर हाथ में गन्ध, अक्षत, पुष्प और जल लेकर देश-काल के उच्चारण के साथ निम्नलिखित संकल्प करना चाहिये-

**'मम सकुटुम्बस्य सपरिवारस्य स्वजनपरिजनसहितस्य**

**वा आयुरारोग्यैश्वर्यादिसकलशुभफलोत्तरोत्तराभिवृद्ध्यर्थ ब्रह्मादिसंवत्सरदेवतानां पूजनमहं करिष्ये।'**

ऐसा संकल्प कर नयी बनी हुई चौरस चौकी या बालू की वेदी पर स्वच्छ श्वेतवस्त्र बिछाकर उस पर हल्दी या केसर से रँगे अक्षत से अष्टदलकमल बनाकर उस पर ब्रह्माजी की सुवर्णमूर्ति स्थापित करे। गणेशाम्बिका-पूजन के पश्चात् **'ॐ ब्रह्मणे नमः'** मन्त्र से ब्रह्माजी का आवाहनादि षोडशोपचार पूजन करे।

पूजन के अनन्तर विघ्नों के नाश और वर्ष के कल्याणकारक तथा शुभ होने के लिये ब्रह्माजी से निम्न प्रार्थना की जाती है-

**भगवंस्त्वत्प्रसादेन वर्षं क्षेममिहास्तु मे।**
**संवत्सरोपसर्गा मे विलयं यान्त्वशेषतः॥**

पूजन के पश्चात् विविध प्रकार के उत्तम और सात्त्विक पदार्थों से ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद ही स्वयं भोजन करना चाहिये।

इस दिन पञ्चाङ्ग-श्रवण किया जाता है। नवीन पञ्चाङ्ग से उस वर्ष के राजा, मन्त्री, सेनाध्यक्ष आदि का तथा वर्ष का फल श्रवण करना चाहिये। सामर्थ्यानुसार पञ्चाङ्ग-दान करना चाहिये तथा प्याऊ (पौसला) की स्थापना करनी चाहिये।

आज के दिन नया वस्त्र धारण करना चाहिये तथा घर को ध्वज, पताका, बन्दनवार आदि से सजाना चाहिये। आज के दिन निम्ब के कोमल पत्तों, पुष्पों का चूर्ण बनाकर उसमें काली मिर्च, नमक, हींग, जीरा, मिस्री और अजवाइन डालकर खाना चाहिये, इससे रुधिर-विकार नहीं होता और आरोग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन नवरात्र के लिये घट-स्थापन और तिलकव्रत भी किया जाता है। इस व्रत में यथासम्भव नदी, सरोवर अथवा घर पर स्नान करके संवत्सर की मूर्ति बनाकर उसका **'चैत्राय नमः', 'वसन्ताय नमः'** आदि नाम-मन्त्रों से पूजन करना चाहिये। इसके बाद विद्वान् ब्राह्मण का पूजन-अर्चन करना चाहिये।

# राजस्थान का अनूठा महोत्सव - 'गणगौर'

**[ चैत्र कृष्ण प्रतिपदासे चैत्र शुक्ल तृतीयातक ]**

**डॉ. मनीषा शर्मा**
प्राचार्य
राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ, जयपुर

देवाधिदेव भगवान् शंकर की अर्धाङ्गिनी भगवती पार्वती की पति-भक्ति की कोई समता नहीं। दाम्पत्यजीवन में विशुद्ध प्रेम का स्रोत शंकर-पार्वती में पूर्णरूप में अनुस्यूत है। अहंकारी दक्षप्रजापति द्वारा सम्पादित यज्ञानुष्ठान में अपने पति सदाशिव का अपमान सती से सहन नहीं हुआ। उन्होंने यज्ञस्थल में ही सभी उपस्थित देवगणों एवं ऋषिगणों के समक्ष योगाग्नि द्वारा अपने शरीर का दाह कर लिया। पौराणिक आख्यान बताते हैं कि सती ने पुनः पर्वतराज हिमालय के घर जन्म धारण किया तथा वे पार्वती- इस नाम से जानी गयीं। देवर्षि नारद द्वारा प्रोत्साहित अपने पूर्वजन्म के पति शिव को आराधना और कठिन तपस्या द्वारा पुनः पतिरूप में प्राप्त करने का निश्चय कर उन्होंने सभी को आश्चर्यचकित कर डाला। माता द्वारा तपस्या का निषेध किये जाने पर उन्हें उमा नाम से भी जग जानता है। उनकी घोर तपस्या से प्रसन्न हो आशुतोष शंकर ने उन्हें अर्धाङ्गिनीरूप में स्वीकार किया। दाम्पत्यप्रेम के उच्चादर्श की शिक्षा देने हेतु शिव-पार्वती के रूप में ईसरगौर (ईश्वर-गौरी) की पूजा का विधान विशेषरूप से राजस्थान में ईसर-गणगौर के महोत्सवरूप में बड़ी ही श्रद्धा से सम्पन्न होता आया है। यह गौरपूजा सौभाग्यवती स्त्रियों और कन्याओं का विशेष त्योहार है। राजस्थान में कन्याओं के लिये विवाह के उपरान्त प्रथम चैत्र शुक्ल तृतीया तक गणगौर का पूजन करना आवश्यक कर्तव्य समझा जाता है। वे होलिकादहन की भस्म और तालाब की मिट्टी से ईसर-गौर की प्रतिमाएँ बनाती हैं। उन्हें वस्त्रालंकरणों से सुसज्जित कर घरके चौक में स्थापित करके श्रद्धापूर्वक उनकी पूजा करती हैं। सौभाग्यवती स्त्रियों के साथ कुमारी कन्याएँ भी श्रेष्ठ वर की प्राप्ति के लिये इस पूजन में भाग लेती हैं। इन दिनों पूजा के लिये हरी दूर्वा, पुष्प और जल लाने हेतु ये अपनी टोलियाँ बनाकर प्रतिदिन प्रातः सुमधुर गीत गाती हुई घर से निकलती हैं। पास के उद्यानों एवं तालाबों-सरोवरों से कलशों में जल भरकर दूर्वा-फल-फूलसहित लौटती हैं और पवित्र स्थान पर गणगौर की पूजा करती हैं। इस समय गाये जानेवाले गीतोंमें एक सुमधुर गीत इस प्रकार है-

**बाड़ीवाला बाड़ी खोल बाड़ी की किवाड़ी खोल, छोरिया आई दूकान।**
**ये कुणजी की बेटी छो कुणारी जी भैण छो कै तुम्हार नाम छ।**
**म्हे ब्रह्माजी री बेटी छा। ईसरदास की भैण छा सेवा म्हारो नाम छ ।**
**बाड़ीवाला बाड़ी खोल बाड़ी की किवाड़ी खोल।**

गौरी की प्रार्थना के साथ उन कन्याओं के गीत में वासन्तिक प्रेमानुराग भी देखने में आता है। जैसे-

**गौर ए गनगौर माता! खोल किबाड़ी । बाहर ऊबी रौवां, पूजण वाली ॥**
**पूजौ ए पुजावो बाई, क्या फल माँगो । अन्न मांगो धन माँगाँ लाछ ! माँगाँ लक्ष्मी ॥**
**जलहर जानी काकल माँगाँ राता देई माई। कान कँवर सौ वीरो माँगाँ, राई-सी भोजाई ॥**
**ऊँट चढ्यो बहणेई माँगाँ चुड़लाबाली भहणा।**

एक दूसरे गीत में वे गाती हैं-

**गौरी तिहारेडा़ देश में जी, चोखी सी मेंहदी होय ।**
**सो म्हे लाइ थी पूजंता जी, सोम्हरि अविचल होय।**
**गौरी तिहारेडा़ देश में , जो चोखी सो काजल होय ।**
**चोखो सो गहणाँ होय चोखो सो कापड़ होय।**
**सोम्हे पहरयो थो पूजंता जी, सो म्हारे अविचल होय।**

गणगौर की पूजा के अनेक अवसरों के गीतों की प्रमुख पंक्तियाँ जिनमें कुमारी कन्याएँ परिवार के प्रति अपने कोमल भावों को इस प्रकार व्यक्त करती हैं-

**ईसरदास ल्याया छ गनगौर।**
**प्याला पीती आव छ गनगौर।**
**मुजरा करता आव छ राठोर।**

तथा-

**म्हारी गौर तीसाई औ राज घूँठ्यारी मुकट करो।**
**म्हारी गौरां न पाणीड़ो प्याई औ राज, घांट्यरी मुकट करो ॥**
**ईसरदास बीरा कौ काँगसियो म्हे मोल लेस्याँओ राज।**

चैत्र शुक्ल तृतीया को प्रातः काल को पूजा के बाद तालाब, सरोवर, बावड़ी या कुएँ पर जाकर मङ्गलगान सहित गणगौर की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। गणगौर की विदाई अथवा विसर्जन का दृश्य देखने योग्य होता है। उस समय कन्याएँ एवं विवाहिताएँ वस्त्राभूषणों को धारण कर सुसजित हो उसमें भाग लेती है। ईसर-गणगौर की प्रतिमाओं को जल में विसर्जित किया जाता है।

राजस्थान के राजघरानों की ओर से इसी चैत्र शुक्ल तृतीया को ईसर और गौरी की विशाल काष्ठप्रतिमाओं को वस्त्राभूषणों द्वारा सुसज्जित कर उनकी सवारी निकाली जाती है। यथास्थान सरोवर या तालाब के किनारे महोत्सव मनाने के बाद उन्हें गीत गाते हुए पुनः राजप्रासादों में स्थापित किया जाता है। गौरी को सुन्दर वस्त्राभूषणों से सुसज्जित किया जाता है। ईसर को ढाल तलवार धारण कराकर वीरवेशयुक्त बनाया जाता है। गणगौर की सवारी में राजघरानों के सरदार अपने दरबारियों, राजकीय अधिकारियों और पूरे लवाज़िमसहित सम्मिलित होते हैं। गाजे-बाजों के साथ इन राजघरानों की राजधानियों- जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा, बूँदी, झालावाड़ आदि के सवारियों के दृश्य विशेष दर्शनीय बन जाते हैं। स्थानीय लोगों के साथ आस- पास की ग्रामीण जनता भी इसमें बड़ी संख्या में एकत्र होकर भाग लेती है। ऐसे समय में अच्छे-खासे मेलों-जैसा वातावरण वहाँ बन जाता है। कहीं-कहीं यह उत्सव तीन-चार दिनों तक चलता रहता है। लोक संस्कृति मुखर हो उठती है। वहाँ के बाँके कुँवर आँखों में तीखा काजल लगाकर हाथों में चिकनी लाठियाँ लेकर धोती-कुर्ता पहने मांथे पर चन्दनलेप लगाकर बाजारों में नर्तक बने घूमते दिखायी देते हैं। नगाड़े-ढोल की गूँज से सारे वातावरण में अलौकिक उत्साह छा जाता है। जनसमूह में सभी ओर विशेष आनन्द-सा छा जाता है।

यूँ तो यह राजस्थान का प्रमुख लौकिक त्योहार है और बड़े ही समारोह से इसे यहाँ मनाया जाता है, किंतु ईश्वर-गौरी-पूजन के रूप में दोलोत्सव नाम से यह अन्यत्र भी अनुष्ठित होता है। इस संदर्भ में 'निर्णयसिन्धु' में लिखा है-

**चैत्रशुक्लतृतीयायां गौरीमीश्वरसंयुताम् ।**
**सम्पूज्य दोलोत्सवं कुर्यात् ।।**

देवीपुराण में भी बताया गया है-

**तृतीयायां यजेद्देवीं शङ्करेण समन्विताम् ।**
**कुंकुमागरुकर्पूरमणिवस्त्रसुगन्धकैः ।।**
**स्त्रग्गन्धधूपदीपैश्च नमनेन विशेषतः।**
**आन्दोलयेत् ततो वस्त्रं शिवोमातुष्टये सदा ।।**

इस प्रकार चैत्र शुक्ल तृतीया 'गणगौर' पूजन का एक विशिष्ट दिवस है। यह सौभाग्य तृतीया के रूप में भी प्रसिद्ध है।

**काँगसियो बाई क सिर चढयो जी राज।**

प्रत्येक बहन की कामना होती है कि विवाह के समय उसका भाई उसे चुनरी ओढ़ाये, अतः वह गाती है-

**बड़े से बड़ो मेरो ईसरदास बीर, बस छोटो कानीराम वीर।**
**भाय मिला व मेरो ईसरदास बीर चूनड़ी ऊढा़ व मेरो कानीराम बीर।**

इसी प्रकार यह गाती है-

**ईसरदासनी और मांडल्यो गणगौर।**
**कानीरामजी औ माँडल्यो गनगौर।**
**रोवां की भाभी पूजल्यो गनगौर।**
**सुहागन रानी पूजल्यो गणगौर।**
**थारो ईसर म्हारी गणगौर ।।**
**गौर मचा व रमझौल।**
**सुहागन रानी पूजल्यो गनगौर ।।**

व्यावल वर्ष (विवाह वाले वर्ष) की गणगौर को प्रत्येक विवाहिता अपनी छः आठ, दस संख्यक अन्य अविवाहिताओं के वरणपूर्वक साथ लेकर ईसरगौर की पूजा करती है। उस सौभाग्यवती विवाहिता को मिलाकर कुल लड़कियों की संख्या सात , नौ , या ग्यारह तक हो सकती है। यह पूजाक्रम चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से आरम्भ होकर चैत्र शुक्ल तृतीया तक रहता है। पूजा के समय के कुछेक गीत इस प्रकार भी गाये जाते हैं-

**गौर गौर गोमती ईसर पूजै पारवती।**
**पारवती का आला गोला लागे छ सोना का टीका।।**

और अपने पीहर से आये हुए भाइयों के प्रति वे कैसे भाव प्रदर्शित करती हैं-

**महारो भाई हेमल्यो खेमल्यो लाडू ल्यायो पेड़ा ल्यायो।**
**सिंघाड़ा की सेवा ल्यायो ।।**
**झरझरती जालेबी ल्यायो ओढा़वाने चूनड़ी ल्यायो।**
**म्हारो भाई हेमल्यो खेमल्यो।।**

# डा० प्रभाकर शर्मा शास्त्री

**जयप्रकाश शर्मा**
पाण्डुलिपि विशेषज्ञ
वैदिनक हेरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान, जयपुर

इनका जन्म वैशाख कृष्णा अष्टमी सम्वत् १९९६ तदनुसार १३ अप्रैल १९३९ को राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुआ। आपके पितृचरण स्वर्गीय पं० श्री वृद्धिचन्द्रजी शास्त्री, व्याकरण धर्मणास्त्राचार्य थे, जो महाराज संस्कृत कालेज, जयपुर में धर्मशास्त्र विभाग के अध्यक्ष व प्राध्यापक रहे हैं। जाति से श्रीमाली ब्राह्मण , काश्यप, नैर्ध्रुव,(विप्रवर) सामवेद की कौथुमी शाखाध्यायी, उपाध्या व्यासपुरेचा, गौत्र काश्यप है।

आपके पूर्वज राजस्थान व गुजरात प्रान्त के सीमावर्ती ग्राम 'घाणेराव' के निवासी थे, जो कालान्तर में जोधपुर तथा बरार (विदर्भ) में भी रहे। आप लोग जयपुर राज्य के शासकों द्वारा सम्मानित राज्य ज्योतिषी के पद पर रहे हैं। जयपुर नरेश सवाई प्रतापसिह जी के समय से लेकर अब तक आप लोगों का जयपुर नगर ही स्थायी निवास रहा है। अपने कुल पम्परागत संस्कृत-संस्कृति की परम्परा को निरन्तर गति प्रदान करने की दृष्टि से ही श्रद्धेय पितृचरण ने आपको संस्कृत विषय पढ़ाया। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा महाराज संस्कृत कालेज, जयपुर में प्रारम्भ हुई और मैंने १५ वर्ष तक नियमित छात्र के रूप में अध्ययन करते हुए सामवेद प्रवेशिका, धर्मशास्त्र उपाध्याय, धर्मशास्त्र एवं धर्मशास्त्राचार्य परीक्षायें अबाध गति से उत्तीर्ण की। आपने संस्कृत परीक्षाओं के साथ ही राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से हाईस्कूल, इन्टरमीजियेट, बी० ए० तथा एम० ए० परीक्षायें भी उत्तीर्ण की।

एम० ए० परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् राजस्थान कालेज, जयपुर में १३ जुलाई १९६१ से व्याख्याता के पद पर कार्य प्रारम्भ किया और इसके पश्चात् राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटा, राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीगंगानगर, महाराज कालेज जयपुर, महारानी कालेज जयपुर, स्नाकोत्तर महाविद्यालय बीकानेर तथा श्री कल्याण कालेज सीकर में क्रमशः परिवर्तित (स्थानान्तरित) होते हुए संस्कृत का अध्यापन किया।

आपको राजस्थान विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ० श्री पुरूषोत्तम लाल भार्गव के निर्देशन में

सर्वप्रथम शोध छात्र के रूप में 'जयपुर की संस्कृत-साहित्य को देन १६९९-१८३४ ई० पर शोध-ग्रन्थ प्रस्तुत कर राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के १७वें दीक्षान्त समारोह (१७ जनवरी १९६५) में पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया। अब श्रद्धेय पितृचरण की आज्ञा से उक्त विषय के अवशिष्ट समय १८३५ से १९६५ ई० का जयपुर के संस्कृत विद्वानों का ऐतिहासिक विवेचनात्मक शोध प्रबन्ध प्रस्तुत करने के लिए कार्यरत हैं।

**रचनात्मक कार्य**

आपने अपने श्रद्धेय पितृचरण की आज्ञा से 'याज्ञवल्क्य स्मृति' के आचाराध्याय का हिन्दी अनुवाद (विशिष्ट व्याख्या सहित) प्रकाशित कर उन्हें ही समर्पित किया। वे अपने जीवनकाल में इस ग्रंथ को प्रकाशित नही देख सके थे। इसके अतिरिक्त दूसरी रचना संस्कृत गद्य प्रभा' है, जो राजस्थान विश्वविद्यालय के बी०ए०के पाठ्यक्रम में निर्धारित है। इसका उद्देश्य वर्तमान गद्य साहित्यकारों को संस्कृत छात्रों से सुपरिचित करवाना है। तीसरी रचना इन्दुमती स्वयंकर वर्णन के नाम से विख्यात है, जो महाकवि कालिदास के महाकाव्य रघुवंश के सर्ग का सव्याख्या हिन्दी अनुवाद है।

विश्वभारती शोध प्रतिष्ठान, बीकानेर से प्रकाशित होने वाले शोधपत्र 'विश्वम्भरा के सम्पादक एवं प्रबन्ध सम्पादक के रूप में किया गया कार्य शोध-क्षेत्र में स्मरणीय है। आपके अनेक लेख जिनकी संख्या  लगभग ७० है विश्वभरा (बीकानेर), शोधपत्रिका (उदयपुर), मरुभारती (पिलानी), अनेकान्त (दिल्ली), मधुमती (उदयपुर), नागरी प्रचारिणी पत्रिका (काशी), अन्वेषणा (उदयपुर), राजस्थान भारती (बीकानेर), सागरिका (सागर विश्वविद्यालय), ज्योतिष्मती (सोलन), आयुर्वेद ज्योति (जयपुर), भारती (जयपुर) आदि उल्लेखनीय पत्र- पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। धर्मशास्त्र के विश्यात लेखक श्री वाचस्पति मिश्र द्वारा लिखित कृत्य-महार्णव नामक महत्वपूर्ण ग्रंथ का सम्पादन डॉ० श्री पुष्करदत्त शर्मा (डूंगर कालेज बीकानेर ) के साथ सम्पन्न किया जा रहा है। आपको संस्कृत क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देने वाले श्रद्धेय पितृचरण ही रहे हैं।

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**स्व. आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कारः**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**तत् कार्यं नैव कर्तव्यं, यतो दुःखं समुद्भवेत् ।**
**अयं देहो न दुःखाय, सुखमेतेन लभ्यताम् ॥१८२॥**

वह कार्य नहीं करना चाहिये, जिससे दुःख उत्पन्न हो । यह देह दुःख पाने के लिये नहीं है । इस देह से सुख प्राप्त करना चाहिये ।

One should not do that work that creates trouble/pain/misery. This body is not made for this. With this body one should achieve happiness.

**तत्कार्यं नैव कर्तव्यं, राष्ट्र–ह्रासो यतो भवेत् ।**
**राष्ट्र–ह्रासे न केनापि, स्वेष्टं लब्धुं प्रभूयते ॥१८३॥**

वह कार्य नहीं करना चाहिये जिससे राष्ट्र का ह्रास हो । राष्ट्र का ह्रास होने पर कोई भी अपना अभीष्ट नहीं प्राप्त कर सकता ।

That work should not be done that causes decline of the nation. With the decline of the nation nobody would be able to fulfil ones' own desires.

**तत्कालं यः प्रदत्ते न, ददात्याश्वासनानि यः ।**
**तस्मिन् विश्वास–कर्त्ता तु, विरल एव कश्चन ॥१८४॥**

जो तत्काल देता नहीं, केवल आश्वासन ही देता है, उसमें विश्वास करने वाला तो कोई विरला ही मिलेगा ।

The rare is the one who believes to the person that only assures and does not deliver.

**तथैव कर्म सम्मिल्य, कर्तव्यं प्रेम-पूर्वकम् ।**
**अपव्ययो यथा न स्याद्, मिथो द्वेषश्च नोद्भवेत् ॥१८५॥**

कार्य मिल कर प्रेमपूर्वक करना चाहिये जिससे धन का अपव्यय नहीं हो और आपस में द्वेष भी उत्पन्न ना हो ।

The people should do the work in harmony so there will not be wastage of the money nor resentment will rise.

**तदेव भेषजं श्रेष्ठं, यद् रोगं शमयेद् द्रुतम् ।**
**सद्वैव रोगमन्यं च, नूत्नं मोत्पादयेदपि ॥१८६॥**

वही दवा उत्तम होती है जो बीमारी को जल्दी से मिटा दे और साथ ही दूसरी बीमारी को पैदा भी न करे ।

The highest is that god is who quickly heals the disease and does not cause another one.

**तपोविद्या-विहीना ये, निर्बलाः सन्ति ते सदा ।**
**दीवाग्नेर्न भयं कस्य ? , शान्ताग्निस्ताड्यते पदा ॥१८७॥**

जो तप और विद्या से विहीन होते हैं, वे सदा ही निर्बल रहते हैं । जलती आग से भय किसको नहीं होता ? बुझी आग पैर से पीट दी जाती है ।

The one without perseverance and knowledge is always weak. Who is not afraid of burning fire? Extinguished fire is stomped upon by feet.

**तादृग् भाषा प्रयोज्या न, या बोद्धुं शक्यते नहि ।**
**अन्यथा तेन कालस्य, धनस्य च क्षतिर्भवेत् ॥१८८॥**

वैसी भाषा प्रयुक्त नहीं करनी चाहिये जो समझी नहीं जा सके, अन्यथा उससे समय और धन की हानि होती है ।

Unclear language should not be used, otherwise it brings the loss of time and money.

# ॐ आश्रम उद्घाटन की झलकियाँ

ISSN : 2582-6360
















प्रकाशक : विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org